भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या- †3948**

उत्तर देने की तारीख- 19/12/2024

**एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों की प्रगति**

†3948 श्री बैजयंत पांडा:

क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2023-24 के दौरान संचालित किए गए एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) की कुल संख्या कितनी है और इनमें कुल कितने छात्र नामांकित हैं;
(ख) वर्ष 2023-24 के दौरान कुल कितने ईएमआरएस संचालित किए गए हैं और ओडिशा राज्य में कुल कितने छात्रों का नामांकन हुआ है;
(ग) वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान ईएमआरएस विद्यालयों के निर्माण और संचालन के लिए कुल कितनी धनराशि आवंटित की गई है;
(घ) वर्ष 2023-24 के दौरान इन विद्यालयों के लिए कितने शिक्षकों और सहायक कर्मचारियों की भर्ती की गई; और
(ड.) ईएमआरएस से स्नातक करने वाले जनजातीय छात्रों के लिए शैक्षणिक परिणामों और रोजगार के अवसरों में सुधार लाने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**

जनजातीय कार्य राज्य मंत्री
(श्री दुर्गादास उइके)

**(क) तथा (ख):** मार्च 2024 तक, सभी राज्यों में कुल मिलाकर 123,841 छात्रों के नामांकन के साथ कुल 404 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस) क्रियाशील थे। 2023-24 की अवधि के दौरान, राज्य सरकारों द्वारा तीन नए ईएमआरएस को कार्यात्मक बनाया गया और सभी कार्यात्मक स्कूलों में ओडिशा के 1,130 नए छात्रों सहित 10,566 नए छात्र नामांकित हुए। हालाँकि 2023-24 में ओडिशा में कोई ईएमआरएस क्रियाशील नहीं किये गये। ओडिशा में ईएमआरएस में छात्रों का कुल वर्तमान नामांकन 11,255 है।

**(ग):** जनजातीय कार्य मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त निकाय के रूप में राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति (एनईएसटीएस) को ईएमआरएस योजना के प्रबंधन और कार्यान्वयन के लिए स्थापित किया गया है। एनईएसटीएस राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/निर्माण एजेंसियों/राज्य समितियों को ईएमआरएस के निर्माण और स्कूलों के संचालन की आवर्ती लागत के लिए उनकी आवश्यकताओं के अनुसार निधियां जारी करता है।

एनईएसटीएस ईएमआरएस के संचालन और रखरखाव के लिए जीआईए-सामान्य के अंतर्गत आवर्ती अनुदान के लिए प्रति छात्र 1,09,000 रुपये जारी करता है। जीआईए-सीसीए के अंतर्गत स्कूलों के निर्माण की वास्तविक

और वित्तीय प्रगति के आधार पर राज्य/निर्माण एजेंसी को निधि जारी की जाती है। जीआईए-सामान्य, जीआईए-पूंजी और जीआईए-वेतन के अंतर्गत बजट अनुमान (बीई) और वास्तविक व्यय राशि दर्शाने वाला विवरण।

करोड़ रुपये में

| व्यय शीर्ष | बजट अनुमान (बीई) 2024-25 | नवंबर 2024 तक जारी की गई वास्तविक राशि |
|---|---|---|
| जीआईए - सीसीसए | 4,660.59 | 2,150.13 |
| जीआईए - सामान्य | 1,134.19 | 616.44 |
| जीआईए - वेतन | 604.22 | 193.66 |
| **कुल** | **6,399.00** | **2,960.24** |

**(घ):** व्यय विभाग ने सभी ईएमआरएस के लिए वर्ष 2026-27 तक चरणबद्ध तरीके से 38,480 पदों के सृजन के लिए अनुमोदन दिया है। तदनुसार, एनईएसटीएस ने क्रियाशील स्कूलों के लिए 10391 शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया शुरू की और 9023 पात्र उम्मीदवारों को जून 2024 के महीने में नियुक्ति सह तैनाती आदेश जारी किए गए हैं।

**(ड.):** एनईएसटीएस ने ईएमआरएस स्कूलों में पढ़ने वाले जनजातीय छात्रों के लिए एक व्यापक और सर्वांगीण शैक्षिक अनुभव में योगदान देने के लिए कई पहल की हैं।

एनईएसटीएस छात्रों को व्यावसायिक कौशल शिक्षा प्रदान कर रहा है, जिसका उद्देश्य उनके कौशल प्रवृत्ति को बढ़ाना है।

जनजातीय युवा अंतरिक्ष कार्यक्रम (जयकार) कार्यक्रम छात्रों को परस्पर संवादात्मक (इंटरैक्टिव) और व्यावहारिक (प्रायोगिक) गतिविधियों के माध्यम से अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी से परिचित कराकर प्रेरित करता है।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग और आईआईटी रुड़की की संयुक्त पहल, आईहब दिव्य संपर्क का उद्देश्य जनजातीय छात्रों को अत्याधुनिक वैज्ञानिक उपकरणों और संसाधनों तक पहुंच प्रदान करने के लिए ईएमआरएस स्कूलों में अनुभव केंद्र और प्रयोगशालाएं स्थापित करना है।

विशेष रूप से कक्षा ग्यारहवीं और बारहवीं के छात्रों के लिए एनईएसटीएस ने ईएमआरएस के जेईई और एनईईटी आकांक्षी अभ्यार्थियों को मुफ्त कोचिंग और छात्रवृत्ति प्रदान करते हुए पेशेवर कोचिंग कार्यक्रम शुरू किए हैं।

जनजातीय कार्य मंत्रालय के पास जनजातीय छात्रों (ईएमआरएस से उत्तीर्ण होने वाले छात्रों सहित) के लिए कई छात्रवृत्ति योजनाएं हैं (https://tribal.nic.in/ScholarshiP.aspx पर देखी जा सकती हैं) जो स्कूल स्तर से आगे की उच्चत्तर शिक्षा के लिए सहायता प्रदान करती हैं। ये छात्रवृत्तियाँ छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों में आगे की पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित करती हैं, जिससे उनके करियर की संभावनाएँ बढ़ती हैं।

*****